फर्द अहकाम
(नियम 26)

नाम अदालत **अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अलवर** मुकाम **अलवर**

उनवान नेत्या बनाम धापा वगै

किस्म मुकदमा **अपील** नम्बर **11/110/2018** दायर दिनांकः—08.10.2018

तारीख हुक्म	हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09 दिसम्बर 2025	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलांट (जगदीश शर्मा) अनुपस्थित। वकील रेस्पोडेंट (अजीत कुमार यादव) अनुपस्थित। आवाज लगवाई गई, इंतजार किया गया। उभयपक्ष अनुपस्थित। इंतजार के बाद पत्रावली का अवलोकन किया गया। अवलोकन से स्पष्ट है कि अपीलार्थी को पूर्व में न्यायालय द्वारा अपील में पाई गई कमियों की पूर्ति हेतु/मरम्मत सवाल पेश करने हेतु पर्याप्त अवसर (दिनांक 14.05.2024 से लगातार) दिए जा चुके हैं। आदेशिका दिनांक 16.06.2025 को भी अपीलार्थी को 'मरम्मत सवाल' पेश करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया था, बाबजूद अंतिम अवसर आज दिनांक तक अपीलार्थी द्वारा न तो 'मरम्मत सवाल' पेश किया गया है और न ही कोई उचित कारण दर्शाया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि वकील अपीलांट/अपीलांट इस अपील को आगे चलाने में रुचि नहीं रखते हैं। न्यायालय के आदेशों की निरंतर अवहेलना/Non compliance के कारण, यह अपील सुनवाई योग्य नहीं रह गई है। अतः 'मरम्मत सवाल' पेश न करने के कारण, प्रस्तुत अपील आदेशों की अवहेलना/Non compliance में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील पत्रावली जमा लेख भण्डार हो। अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अलवर (राज0)	

कार्यालय अति० जि० मजि० प्रशासन (द्वितीय) अलवर सरकार